दिन– शनिवार दिनांक– 07 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार जदयू में होंगे शामिल। पार्टी विधानमंडल दल की उच्च स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित।

02. नेपाल में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी आम चुनाव में बड़ी जीत की ओर आगे बढ़ रही है।

03. निगरानी विभाग ने फर्जी प्रमाण पत्र पर बहाल दो हजार नौ सौ तिरेपन नियोजित शिक्षकों पर राज्य के अलग–अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज की।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– नौ मार्च से ग्यारह मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की सम्भावना।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार जदयू में शामिल होंगे। पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास पर कल आयोजित जनता दल यूनाइटेड के विधानमंडल दल की उच्च स्तरीय बैठक में इस संबंध में प्रस्ताव को पार्टी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पास किया। बैठक के बाद पार्टी के प्रवक्ता नीरज कुमार ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि निशांत कुमार जल्द की जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

–––बाइट–––

इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा बिहार के लिए उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि श्री कुमार पार्टी और प्रदेश की नई सरकार को सुझाव देते रहेंगे।

–––साउंड बाईट–––

---

भारतीय जनता पार्टी आज से प्रदेश के एक हजार चार सौ बीस मंडलों में प्रशिक्षण अभियान शुरू करेगी। प्रशिक्षण में सभी प्रमुख नेता और स्थानीय विधायक शामिल होंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने बताया कि प्रत्येक मंडल में दो दिन तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलेगा। यह प्रशिक्षण आठ अप्रैल तक चलेगा। इसमें पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक ढांचा और उनके दायित्व विषय पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जायेगा। वहीं, दूसरी ओर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक नौ मार्च को पटना में आयोजित होगी।

---

नेपाल में, प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी हिंसक जेन–जी विरोध प्रदर्शनों के बाद हुए पहले आम चुनाव में बड़ी जीत की ओर आगे बढ़ रही है। नेपाल चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार 165 निर्वाचन क्षेत्रों में से 28 सीटों के अंतिम परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने 20 सीटें जीती हैं और 97 निर्वाचन क्षेत्रों में आगे चल रही है। नेपाली कांग्रेस ने पांच सीटें जीती हैं और 9 में आगे चल रही है, यूएमएल को एक सीट मिली है और 13 पर आगे चल रही है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी ने 2 सीटें जीती हैं और 10 पर आगे चल रही है। वहीं, श्रम संस्कृति पार्टी 5 निर्वाचन क्षेत्रों में बढत बनाये हुये हैं। मतगणना अभी जारी है।

---

निगरानी विभाग ने फर्जी प्रमाण पत्र पर बहाल दो हजार नौ सौ तिरेपन नियोजित शिक्षकों के विरूद्ध राज्य के अलग–अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज की है। निगरानी विभाग के महानिदेशक जे.एस. गंगवार ने बताया कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी पाने वाले शिक्षकों को बर्खास्त कर गिरफ्तार किया जायेगा। उन्होंने बताया की जांच में वर्ष दो हजार छह से दो हजार पन्द्रह के बीच बहाल नियोजित शिक्षकों के प्रमाण पत्र फर्जी पाये गये हैं। अब तक छह लाख सड़सठ हजार एक सौ चौवालीस शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच हो चुकी है।

---

राष्ट्रीय महिला आयोग–एनसीडब्ल्यू ने आठ मार्च से राष्ट्रव्यापी महिला जन सुनवाई का आयोजन करने की घोषणा की है। **राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार** कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस जन सुनवाई का उद्देश्य महिलाओं की शिकायतों को सुनना और उनका शीघ्र निवारण सुनिश्चित करना है। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष विजया राहटकर ने बताया कि पूरे सप्ताह तक चलने वाला यह कार्यक्रम राज्य महिला आयोगों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। श्रीमति राहटकर ने कहा कि यह कार्यक्रम देश भर में पच्चीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग पांच सौ जिलों में आयोजित किया जाएगा। यह महिलाओं के लिए सबसे बड़े समन्वित जन शिकायत निवारण अभियानों में से एक बन जाएगा।

---

लोकसभा में सोमवार को अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होना निर्धारित है। बजट सत्र का दूसरा चरण नौ मार्च से शुरू होगा। पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान, विपक्ष ने लोकसभा के महासचिव को अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किया था, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण तरीके से कार्य करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई थी। इस बीच, भाजपा और कांग्रेस ने

अपने लोकसभा सांसदों को नौ से दस मार्च तक सदन में उपस्थित रहने का व्हिप जारी किया है।

---

इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण खाड़ी देशों में रहने वाले बिहार के बानवे प्रवासियों ने राज्य सरकार से सम्पर्क किया है। दुबई, रियाद, कतर, बहरीन, अबूधाबी, सऊदी अरब में फंसे कामगारों ने हेल्पलाईन पर सम्पर्क किया है। इसमें सबसे अधिक सीवान, गोपालगंज, बेतिया और मुजफ्फरपुर के प्रवासी है। गौरतलब है कि श्रम संसाधन और प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग की ओर से दो मार्च को हेल्पलाईन नम्बर जारी किया गया था। विभाग के सचिव दीपक आनंद ने बताया कि खाड़ी देशों में फंसे कामगारों की समस्या के समाधान को लेकर सहायता पहुंचायी जा रही है।

---

केन्द्र सरकार ने ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल को समाचार चैनलों की टेलीविजन रेटिंग पॉइंट्स टी.आर.पी. की रिपोर्टिंग को चार सप्ताह के लिए तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिये हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के निर्देश के अनुसार कुछ समाचार चैनल इस्राएल–ईरान संघर्ष के बीच अनावश्यक सनसनीखेज और अटकलबाजी वाली सामग्री प्रदर्शित कर रहे हैं। मंत्रालय ने कहा कि इस तरह की कवरेज से लोगों में दहशत फैल सकती है। निलंबन चार सप्ताह तक या अगले आदेश तक लागू रहेगा।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि नौ मार्च से ग्यारह मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की सम्भावना है। नौ मार्च को मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार है। वहीं, ग्यारह मार्च को पटना और आस–पास के क्षेत्रों में बारिश हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों का तापमान तीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। इस अवधि में मोतिहारी में सबसे अधिक तैंतीस दशमलव छह डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

---

गया स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में आज पासिंग आउट परेट आयोजित की गयी। इस परेड के साथ ही सेना को दो सौ इक्यासी नये अधिकारी मिले हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

भारतीय सेना को 281 नये अधिकारी मिल गये हैं। गया स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी में आज आयोजित 28वीं पासिंग आउट परेड में 28 महिलाओं समेत 281 ऑफिसर कैडेट कमिशन प्राप्त कर सैन्य अधिकारी बने हैं। परेड की पूर्व संध्या पर एक शानदार मल्टी एक्टिविटी डिस्प्ले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पासआउट होने वाले ऑफिसर कैडेट्स ने अपने बेहतरीन युद्ध कौशल, अनुशासन और सैन्य दक्षता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ समेत सेना के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। ओटीए गया में ड्रोन प्रशिक्षण भी शुरू कर दिया गया है। युद्ध क्षेत्र में घायल जवानों को त्वरित मेडिकल सहायता पहुंचाने के लिए आर्मी मेडिकल कोर ट्रेनिंग सेंटर लखनऊ की टीम विशेष प्रशिक्षण दे रही है।
आकाशवाणी समाचार के लिए गया से घर्मवीर भारती

---

केन्द्र सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में साठ रूपये की वृद्धि की है। वहीं, उन्नीस किलोग्राम वाले व्यावसायिक सिलेंडर एक सौ पन्द्रह रूपये महंगा हो गया है। बढ़ी हुई कीमतें आज से लागू हो गयी है। इधर, भारत पेट्रोलियम ने कहा है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और सप्लाई चेन सामान्य रूप से चल रही है। कंपनी ने उन दावों को खारिज किया है, जिसमें कहा जा रहा था कि कुछ स्थानों पर पेट्रोल और डीजल की किल्लत हो रही है। कंपनी ने कहा कि ऐसे दावे पूरी तरह से निराधार है। बीपीसीएल सभी ग्राहकों के लिए बिना किसी रूकावट के ईंधन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रदेश के सैरातों में शव वाहनों से पार्किंग शुल्क नहीं लेने का निर्देश दिया है। इस संबंध में सभी जिला समाहर्ता को पत्र जारी कर दिया गया है। पत्र में कहा गया है कि भूमि सुधार जन कल्याण संवाद और सात निश्चय तीन के तहत इज ऑफ लिविंग को बढ़ावा देने के उद्‌देश्य से यह निर्णय लिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अन्य वाहन से पार्किंग शुल्क तभी वसूला जायेगा जब वह निर्धारित क्षेत्र में खड़ा किया गया हो।

---

प्रदेश में अगले पांच वर्षों में बिजली परिक्षेत्र में अठहत्तर हजार करोड़ रूपये का निवेश होगा। इस सिलसिले में भारतीय उद्योग परिसंघ के साथ ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने पटना में एक बैठक की। बैठक में बिजली क्षेत्र के विकास की नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार पर चर्चा हुई।

---

रोहतास जिला मुख्यालय सासाराम में जदयू कार्यकर्ताओं ने निशांत कुमार के समर्थन में कैंडल मार्च निकाला। यह मार्च गांधी स्मारक धर्मशाला से पोस्ट ऑफिस चौराहा तक निकाला गया।

---

अरवल की जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निर्देश पर जिला परिवहन विभाग यातायात नियमों के अनुपालन के लिए प्रेशर हॉर्न और मल्टी टोंड हॉर्न के विरुद्ध विशेष वाहन जांच अभियान चला रहा है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबारों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– जनता दल यूनाईटेड का नेतृत्व करते रहेंगे नीतीश कुमार, निशांत जल्द जदयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे।

दैनिक भास्कर ने राज्यसभा चुनाव से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– राज्यसभा चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग तय करेगा अमरेन्द्रधारी सिंह या उपेन्द्र कुशवाहा।

दैनिक जागरण लिखता है– एसएससी के जरिये पन्द्रह हजार एक सौ तीस पदों पर होगी भर्ती।

प्रभात खबर ने यूपीएससी परीक्षा परिणाम से जुड़ी खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुये लिखा है– यूपीएससी टॉप–ट्वेंटी में बिहार के पांच, मुजफ्फरपुर के राघव स्टेट टॉपर।

आज अखबार का शीर्षक है– सोशल मीडिया पर सरकार की आलोचना की तो नपेंगे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार जदयू में होंगे शामिल। पार्टी विधानमंडल दल की उच्च स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित।

02. नेपाल में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेंद्र शाह के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी आम चुनाव में बड़ी जीत की ओर आगे बढ़ रही है।

03. निगरानी विभाग ने फर्जी प्रमाण पत्र पर बहाल दो हजार नौ सौ तिरेपन नियोजित शिक्षकों पर राज्य के अलग–अलग थानों में प्राथमिकी दर्ज की।

04. और, मौसम विभाग का पूर्वानुमान– नौ मार्च से ग्यारह मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ बारिश की सम्भावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।